भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3945
उत्तर देने की तारीख 12 अगस्त, 2026

तेलंगाना में भारतनेट के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कर्नेक्टेविटी

3945. **श्री रमासहायम रघुराम रेड्डी:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या तेलंगाना के सभी गांवों और ग्राम पंचायतों को भारतनेट या अन्य सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) तेलंगाना में 4जी और 5जी सेवाओं सहित मोबाइल नेटवर्क कवरेज की स्थिति का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान राज्य के आकांक्षी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित दूरसंचार अवसंरचना का ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार को तेलंगाना के जनजातीय और दूर-दराज के क्षेत्रों में खराब दूरसंचार कनेक्टिविटी के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उन पर क्या कार्रवाई की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ.) डिजिटल शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक विकास को सुकर बनाने के लिए तेलंगाना में डिजिटल कनेक्टिविटी, डाक अवसंरचना और दूरसंचार सेवाओं में सुधार करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) तेलंगाना राज्य समेत देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) में चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी देने के लिए भारतनेट परियोजना को मंज़ूरी दी गई है। इसके अलावा, सरकार ने भारतनेट परियोजना के चरण-I और चरण-II के तहत बनाए गए मौजूदा नेटवर्क को अपग्रेड करने

और नई ग्राम पंचायतों के लिए इंक्रीमेंटल नेटवर्क बनाने, उसके संचालन और रखरखाव तथा 1.5 करोड़ फाइबर-आधारित इंटरनेट कनेक्शन देने के लिए डिज़ाइन, बिल्ट, ऑपरेट और मेंटेन मॉडल के तहत संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को मंज़ूरी दी है। दिनांक 30.6.2026 तक तेलंगाना में भारतनेट परियोजना के तहत 10,833 ग्राम पंचायतों को जोड़ा जा चुका था।

(ख) तेलंगाना राज्य में 10,022 गांवों में मोबाइल कवरेज है, जिनमें से 9,929 गांवों में 4जी/5जी कनेक्टिविटी है। जिलेवार जानकारी अनुबंध-I में है।

(ग) से (ड.) भारत सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से तेलंगाना के आदिवासी और दूर-दराज के इलाकों में टेलीकॉम कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के आकांक्षी और ग्रामीण इलाकों में टेलीकॉम अवसंरचना स्थापित करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू की है, जैसा कि लेफ्ट विंग एक्सट्रीमिज़्म (एलडब्ल्युई) चरण-I, अपग्रेडेशन, एलडब्ल्युई चरण-II परियोजना और मोबाइल कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए 4जी सैचुरेशन परियोजना और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के प्रावधान के लिए भारतनेट परियोजना। टेलीकॉम कनेक्टिविटी के खराब होने की शिकायतें टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (टीएसपी) के साथ समन्वय करके हल की जाती है।

दिनांक 30.06.2026 तक डीबीएन वित्त पोषित परियोजनाओं के तहत तेलंगाना राज्य में 493 गांवों को कवर करते हुए 412 मोबाइल टावर चालू किए जा चुके हैं। भारत सरकार ने राज्य में एबीपी लागू करने के लिए तेलंगाना सरकार के प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है और राज्य सरकार को सैद्धांतिक अनुमोदन की जानकारी दे दी है।

डाक विभाग ने तेलंगाना में डाक संबंधी अवसंरचना को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। तेलंगाना क्षेत्र के सभी डाक घरों में उन्नत डाक टेक्नोलॉजी (एपीटी) रोल ऑउट की गई है। 5,427 शाखा डाकघरों को मोबाइल डिवाइसों से लैस किया गया है, जो पोस्टल, बैंकिंग, इंश्योरेंस और नागरिक केंद्रित सेवाओं के लिए एक यूनिफाइड डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करते हैं। डाक घर बचत बैंक को कोर बैंकिंग सॉल्यूशन प्लेटफॉर्म पर पूरी तरह से कंप्यूटराइज्ड किया गया है, जो एटीएम एक्सेस, डीबीटी पेमेंट, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एनईएफटी/आरटीजीएस, ई-पासबुक और ई- केवाईसी जैसी आधुनिक डिजिटल सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा तेलंगाना राज्य के सभी डाक घरों में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक-पोस्ट ऑफिस बचत खाता लिंकेज के ज़रिए यूपीआई सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इसके अलावा हैदराबाद समेत छह मेट्रो शहरों में 24/48 स्पीड पोस्ट सेवाएं शुरू की जा चुकी हैं।

अनुबंध I

12 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3945 के भाग (ख) से संदर्भित अनुबंध

तेलंगाना राज्य में 4जी/5जी सेवाओं सहित मोबाइल कवरेज का ज़िलेवार विवरण

क्रम सं.	जिले का नाम	मोबाइल नेटवर्क से कवर किए गए गांवों की संख्या	4जी/5जी सेवाओं के अंतर्गत लाए गए गांवों की संख्या
1	आदिलाबाद	488	479
2	भद्राद्री कोठागुडेम	361	357
3	हैदराबाद	1	1
4	जगित्याल	284	284
5	जनगांव	174	174
6	जयशंकर भूपालपल्ली	206	201
7	जोगुलम्बा गडवाल	191	189
8	कामारेड्डी	457	456
9	करीमनगर	195	195
10	खम्मम	356	355
11	कुमारम भीम	400	392
12	महबूबाबाद	271	269
13	महबूबनगर	298	298
14	मंचेरियल	360	352
15	मेडक	365	364
16	मेडचल-मलकाजगिरी	68	68
17	मुलुगु	299	273
18	नगरकुरनूल	338	335
19	नल्गोंडा	540	539
20	नारायणपेट	243	242
21	निर्मल	405	398
22	निजामाबाद	424	420
23	पेद्दापल्ली	200	200

24	राजन्ना सिरसिला	162	162
25	रंगारेड्डी	441	440
26	संगारेड्डी	568	564
27	सिद्दीपेट	368	368
28	सूर्यापेट	261	261
29	विकाराबाद	480	479
30	वानापर्थी	214	213
31	वारंगल (ग्रामीण)	217	216
32	वारंगल (शहरी)	83	83
33	यदाद्रि भुवनगिरि	304	302
		10,022	**9,929**

***